दिन– मंगलवार | दिनांक– 07 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भारत ने परमाणु क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेश निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर, परमाणु विखंडन श्रृंखला के स्व संचालित स्तर पर पहुंचा।

02. राज्य सरकार ने तेल कम्पनियों को पीएनजी कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश। मध्य एशिया में फंसे श्रमिकों की सहायता के लिए राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम बनाया।

03. आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में किशनगंज के पूर्व एसडीपीओ गौतम कुमार निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में आंधी– बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है। इसके साथ ही भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारत अपनी नागरिक परमाणु ऊर्जा यात्रा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है, जो देश के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण को आगे बढ़ाता है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच स्पष्ट किया है कि देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में उपभोक्ता कार्य विभाग के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि सरकार वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर नजर रख रही है।

–––साउंड बाईट–––

ज़रूरी सामानों की कीमतों में कोई असामान्य उतारदृचढ़ाव नहीं देखा गया है। इस साल दालों का उत्पादन पिछले साल की तुलना में ज्यादा हुआ है। सरकार दालों का भंडार सुरक्षित रखती है और फिलहाल हमारे पास लगभग 28 लाख मीट्रिक टन दाल का स्टॉक मौजूद है।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने कहा कि देश में गेहूं और चावल का पर्याप्त बफर स्टॉक है।

———साउंड बाईट———

गेहूं का हमारे पास लगभग 220 लाख मीट्रिक टन भंडार है और चावल का करीब 380 लाख मीट्रिक टन। दोनों मिलाकर कुल करीब 602 लाख मीट्रिक टन खाद्यान हमारे पास उपलब्ध है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद देश में खाने के तेल की उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है। प्रमुख देशों से आयात लगातार जारी है। इससे कुल आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप भी करेगी।

पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि पिछले दो दिनों में भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी जहाज, ग्रीन संघवी और ग्रीन आशा, होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से निकल चुके हैं।

———साउंड बाईट———

ग्रीन सांगवी पर करीब साढे 46 हजार मेट्रिक टन एलपीजी कार्गो है जबकि ग्रीन आशा पर साढे 15 हजार मेट्रिक टन एलपीजी कार्गो है। वर्तमान में वेस्टर्न पर्शियन गल्फ रीजन में 16 भारतीय फ्लैग वेसल मौजूद है, जिनपर 433 भारतीय नाविक है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन लगभग पचास लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

———साउंड बाईट———

पिछले पांच हफ्ते में लगभग 18 करोड़ घरों को एलपीजी सिलेंडर पहुंचाया गया है। हमारी ऑनलाइन बुकिंग रिकॉर्ड 97 प्रतिशत पर है। हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स इतवार वाले दिन भी अपनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को खोले हैं ताकि सभी को एक स्मूथ एलजी डिलीवरी हो पाए।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में तेल कम्पनियों को पीएनजी आपूर्ति प्रणाली के विस्तार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की उच्च स्तरीय बैठक में अरवल, गया, कैमूर, रोहतास, सारण और पश्चित चम्पारण जिलों में एलपीजी सिलेंडर की बैकलॉग की समस्या पाई गयी। हालांकि इन जिलों में स्थापित कन्ट्रोल रूप के माध्यम से उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने नोडल विभाग को प्रति सप्ताह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और प्रमंडलीय आयुक्तों तथा प्रभारी सचिवों को नियमित रूप से जिलों का दौरा कर कार्यों की भौतिक जांच करने के निर्देश दिये हैं। इधर, मध्य एशिया में जारी संघर्ष के बीच वहां फंसे अपने श्रमिकों की सहायता के लिए राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम बनाया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर– शून्य छह एक दो– दो पांच दो शून्य शून्य पांच तीन और व्हाट्सऐप नंबर– सात तीन

छह आठ आठ पांच पांच शून्य शून्य दो जारी किया गया है। कन्ट्रोल रूम में नोडल अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है।

——————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विधवा और सैनिकों का काम प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में लागू पहले आओ–पहले पाओ, फिफो प्रणाली को तीस जून तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में विशेष श्रेणी के आवेदनों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। वहीं, आज पटना में राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, डीसीएलआर की बैठक हो रही है, जिसमें दाखिल–खारिज, अपीलवाद, राजस्व वसूली और भूमि बैंक से जुड़े कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

——————————————————————

कला संस्कृति और युवा विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में दो सौ अंठावन चयनित कलाकारों के खाते में तीन हजार रूपये की पेंशन राशि भेजी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग की ओर से जल्द ही सौ अन्य कलाकारों के पेंशन आवेदन पर निर्णय लिया जायेगा। इस योजना के तहत कल के क्षेत्र में दस वर्षों से अधिक की सेवा देने वाले पचास वर्ष से अधिक आयु के कलाकार आवेदन कर सकते हैं।

——————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आनेवाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव के कारण प्रदेश में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। विभाग ने कल और परसो तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर मौसम में बदलाव के चलते अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आयी है। इस अवधि में सैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चौंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

——————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने बिहार का इथेनॉल का कोटा बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से भेजे गये अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक प्रोत्साहन नीति दो हजार पच्चीस का लाभ तकनीकी कारणों से पुराने निवेशकों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुराने निवेशकों को भी नई नीति का लाभ दिया जायेगा।

———————————————————

मखाना उत्पादन में नवाचार के लिए प्रदेश को गोल्डन पीकॉक अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय को मखाना वैल्यू चेन के लिए नई दिल्ली में आयोजित समारोह में गोल्डन पीकॉक इनोवेटिव प्रोडक्ट सर्विस अवार्ड दो हजार छब्बीस प्रदान किया जायेगा। यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, आईओडी द्वारा दिया जाता है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने इस सम्मान के लिए उद्यान निदेशालय के निदेशक अभिषेक कुमार सहित टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

———————————————————

राज्य सरकार ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में किशनगंज के पूर्व एसडीपीओ गौतम कुमार को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ अब विभागीय कार्रवाई होगी। इधर, कल आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने पटना कार्यालय में आरोपी एसडीपीओ से पूछताछ की गयी। इससे पहले ईओयू ने इकतीस मार्च को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुये कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

———————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

———————————————————

बिहार फुटबॉल संघ की कार्यकारिणी की बैठक में रेफरी बोर्ड को भंग करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में खातिब अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड के पुनर्गठन का प्रस्ताव भ्सी पारित किया गया है।

राजगीर में आयोजित सोलहवीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन बिहार की टीम ने रोमांचक मुकाबले में कर्नाटक से दो–एक से हार गयी।

लखीसराय में चल रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के प्री–क्वार्टर फाईनल मैच में मुंगेर ने वैशाली को चार–एक से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, मुजफ्फरपुर और कैमूर के बीच खेले गये क्वार्टर फाईनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर ने एक–शून्य से जीत दर्ज की है।

पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतीहारी में बारह से चौदह वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं का ताइक्वांडो एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया। चयनित खिलाड़ियों की सूची बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को भेजा जाएगा।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह भोजपुर जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने समाहरणालय सभागार में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की । बैठक में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

———————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में पैंतीस मामलों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

शिवहर जिले के तरियानी छपरा में बारह मार्च को शादी समारोह में गोलीबारी की घटना के बाद फरार एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————

राजधानी पटना के राजीवनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने लाखों रूपये की नशीले पदार्थ के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मध्य एशिया तनाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– ईरान को एक रात में पूरी तरह तबाह कर देंगे।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– ट्रंप ने चेताया अब नहीं बढ़ेगी डेडलाईन। ईरान ने ठुकराया अस्थायी युद्ध विराम का प्रस्ताव।

दैनिक भास्कर ने अपनी खास खबर पर लिखा है– बिहार में उद्योगों का महासंकल्प, हर साल दस लाख करोड़ रूपये का निवेश, बीस लाख को नौकरी–भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज।

प्रभात खबर ने पर्यटन से जुड़ी खबर पर लिखा है– आठ जगहों के लिए हेलीकॉप्टर से टूरिज्म।

आज अखबार की सुर्खी है– जहरीली शराब के मास्टरमाइंड का सरेंडर।

राष्ट्रीय सागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन नेशन वन इलेक्शन हमारा अगला मिशन।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारत ने परमाणु क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेश निर्मित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर, परमाणु विखंडन श्रृंखला के स्व संचालित स्तर पर पहुंचा।

02. राज्य सरकार ने तेल कम्पनियों को पीएनजी कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश। मध्य एशिया में फंसे श्रमिकों की सहायता के लिए राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम बनाया।

03. आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में किशनगंज के पूर्व एसडीपीओ गौतम कुमार निलंबित।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में आंधी– बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।